## एक नजर में

### प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी



**मंडलेश्वर, निप्र।** वर्ष 2026 की दूसरी नेशनल लोक अदालत के प्रचार – प्रसार के लिए प्रचार वाहनों को प्रधान जिला न्यायाधीश श्री अखिलेश जोशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ये प्रचार वाहन विभिन्न क्षेत्रो में नेशनल लोक अदालत का प्रचार करेंगे। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश श्री अखिलेश जोशी ने कहा की नेशनल लोक अदालत के माध्यम से आम जन को जल्दी आउट सस्ता न्याय मिलता हैं इसमें दोनों पक्ष जीतते हैं और आपसी बैर नहीं रह जाता जिससे परिवार और समाज में एक अच्छा माहौल बनता हैं ।इसका अधिक से अधिक लोगो को लाभ मिले इसलिए इसका प्रचार प्रसार किया जा रहा हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं वरिष्ठ खंड न्यायाधीश सुश्री प्रीति जैन ने बताया की इस बार नेशनल लोक अदालत के लिए जिले में 26 खंडपीठ स्थापित की गई हैं इससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित होगे ।आभार जिला विधिक सहायता अधिकारी चन्द्रेश मंडलोई ने माना। इस अवसर पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्री पंकज सिंह माहेश्वरी, नेशनल लोक अदालत के संयोजक एवं जिला न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह,जिला न्यायाधीश रवि झारोला जिला न्यायाधीश राजकुमार चौहान जिला न्यायाधीश दीपक चौधरी वरिष्ठ खंड न्यायाधीश मोहित बड़के न्यायाधीश प्रीतिबाला मुनिया प्रशिक्षु न्यायाधीश सुश्री मुस्कान मंसूरी जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष विजय जोशी सचिव पुष्पेंद्र गंगारेकर अजय ठाकुर वर्षा शुक्ला एल ए डी सी एस डिप्टी चीफ रुपेश शर्मा असिस्टेंट निशा कौशल सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, पी एल वी और पक्षकार उपस्थित रहे।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए जनगणना प्रगणक और पर्यवेक्षक सम्मानित



**मंडलेश्वर, निप्र।** नगर परिषद द्वारा जनगणना कार्य में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रगणको और पर्यवेक्षकों कों परिषद में आयोजित समारोह में नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप संतोष मोयदे,मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय रावल, जनगणना लिपिक कैलाश वर्मा,भूपेन्द्र तोमर ने पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया हैं। नगर के पांच जनगणना ब्लॉक में शत प्रतिशत कार्य पूर्ण किया गया हैं। सम्मानित होने वालों में ब्लॉक पर्यवेक्षक सुनील जमरे, आशीष ब्राह्मणे, अमिष सिंदल, प्रगणक संजय राज पाटीदार, गुलाब सिंह सिंगारे, लोकेन्द्र नामदेव, अतुल शर्मा एवं संजय कुमार पाटीदार शामिल हैं। जनगणना कार्य के चार्ज अधिकारी एवं सी एम ओ संजय रावल ने इस अवसर पर कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय कार्य हैं जनगणना कार्य में लगे सभी प्रगणक और पर्यवेक्षक भी अपना कार्य शीघ्रता और शुद्धता के साथ पूर्ण करें ।आम नागरिक भी इस कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें ।जनगणना पूर्ण होने के बाद देश के विकास का नया अध्याय शुरू होगा। भारत सरकार के गृह मंत्रालय और जनगणना कार्य निदेशालय मध्य प्रदेश सरकार, कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी खरगोन श्रीमति भव्या मित्तल के निर्देश अनुसार नगर में 01 मई से 30 मई तक जनगणना के प्रथम चरण में मकानों का सुचीकरण किया जा रहा हैं। नगर मंडलेश्वर के 15 वार्डो के लिए कुल 22 गणना ब्लॉक बनाए गए हैं।

### शहर के 50 एनसीसी कैडे्टस ले रहे सैन्य प्रशिक्षण



**खरगोन, निप्र।** 9 एमपी बटालियन इंदौर द्वारा सीएटीसी कैंप इंदौर में आयोजित किया जा रहा है। इस कैंप में शहर के उत्कृष्ट स्कूल के 50 एनसीसी कैडेट्स भी शामिल हुए है। एनसीसी अधिकारी मुरली खोड़े ने बताया 5 से 14 मई तक कैडेट्स को सैन्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में कैडेट्स को कई विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन कैडेट्स में शहर के 50 छात्र और छात्राएं शामिल है। सुबह 6 से 7 बजे तक योगाभ्यास और पीटी के बाद कैडेट्स को वेपन ट्रेनिंग, मेप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, सैन्य इतिहास, सिविल डिफेंस, प्राथमिक उपचार आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में कैडेट्स के लिए विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान भी दिए जा रहे हैं। प्रशिक्षण में वक्ताओं ने कहा कि नेतृत्व क्षमता, व्यक्तित्व विकास और अनुशासन भारतीय सेना की पहचान के प्रमुख स्तंभ हैं। उन्होंने शिविर को कैडेट्स के लिए प्रतिभा निखारने का उत्कृष्ट मंच बताया। सांस्कृतिक गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के माध्यम से कैडेट्स को आत्मविश्वास और दक्षता विकसित करने का अवसर मिल रहा है। प्रशिक्षण में खान-पान और स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की निगरानी भी की जा रही है।

### 11 से अकावल्या में बहेगी श्रीकृष्ण भक्ति की बयार कलश यात्रा के साथ होगी कथा की शुरुआत

**खरगोन, निप्र।** ग्राम आकावल्या स्थित पाटीदार धर्मशाला में 11 से 17 मई तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। कथा को लेकर ग्राम में उत्साह का माहौल है। आयोजन समिति ने बताया कथा प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक आयोजित होगी। कथा का शुभारंभ 11 मई को सुबह 08 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यहां ओंकारेश्वर शिवकोठी के कथा वाचक पंडित शैलेन्द्र शास्त्री श्रोताओं को श्रीकृष्ण भक्ति से सराबोर करेंगे। 17 मई को पूर्णाहुति भंडारा प्रसादी के साथ होगी। आयोजनकर्ता प्रेमचंद पाटीदार, अभिषेक पाटीदार एवं अंकित पाटीदार ने बताया कि गर्मी को देखते हुए श्रोताओं को लिए विशेष बैठक व्यवस्था की गई है। छाया के साथ पेयजल की व्यवस्थाएं जुटाई जा रही है।

### आंगनवाड़ी पदों के लिए अंतिम चयन सूची जारी

**खरगोन, निप्र।** महिला एवं बाल विकास परियोजना भगवानपुरा, जिला खरगोन अंतर्गत रिक्त आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं आंगनवाडी सहायिका के पदों की पूर्ति के लिए एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खरगोन की अध्यक्षता में खंड स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चयन समिति द्वारा परियोजना कार्यालय महिला एवं बाल विकास, भगवानपुरा अंतर्गत रिक्त 02 आंगनवाडी कार्यकर्ता (खोखरीया फाल्या रूपगढ-2, मोहनपुरा-2) एवं 03 आंगनवाडी सहायिकाओं (आंगनवाडी केंद्र बाणगंगा, मोहनपुरा-2, बागदरी) के पदों के लिए अनंतिम चयन सूची तैयार कर उसका प्रकाशन किया गया है। अनंतिम चयन सूची का अवलोकन एमपी ऑनलाइन के चयन पोर्टल एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल https//chayan.mponline.gov.in पर भी किया जा सकता है। एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर प्रकाशित अनंतिम चयन सूची से यदि कोई आवेदिका संतुष्ट नहीं है, तो वह चयन पोर्टल के माध्यम से दावा-आपत्ति दर्ज कर सकती है। दावा-आपत्ति केवल संबंधित अभ्यर्थी द्वारा ही की जा सकेगी तथा यह प्रक्रिया केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी।

# कांग्रेस का हल्ला बोल... खलघाट टोल प्लाजा पर चक्काजाम

## आंदोलन के कारण नेशनल हाईवे पर वाहनों के पहिए पूरी तरह गए थम

**नवभारत न्यूज**

**कसरावद, निप्र।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज किसानों के साथ हो रहे कथित अन्याय के विरोध में मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित खलघाट टोल प्लाजा पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और भारी संख्या में किसानों ने उग्र प्रदर्शन किया। दोपहर ठीक 1 बजे शुरू हुए इस 'चक्का जाम' के कारण नेशनल हाईवे पर वाहनों के पहिए पूरी तरह थम गए और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।



### दिग्गज नेताओं ने संभाली कमान

आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए कांग्रेस के कई कद्दावर नेता जमीन पर उतरे। प्रदर्शन में मुख्य रूप से उमंग सिंघार (नेता प्रतिपक्ष) विजय लक्ष्मी साधो व बाला बच्चन (पूर्व मंत्री) कांतिलाल भूरिया (पूर्व केंद्रीय मंत्री) विधायक सचिन यादव, केदार डावर, झूमा सोलंकी और हीरालाल अलावा मौजूद रहे। आंदोलनकारी किसानों और कांग्रेस नेताओं का कहना है कि प्रदेश का किसान वर्तमान में खाद की किल्लत, फसलों के उचित दाम न मिलने और बिजली की समस्या से जूझ रहा है। नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की समस्याओं की अनदेखी कर रही है, जिसके विरोध में यह सड़क पर उतरने का निर्णय लिया गया। 'जब तक किसानों को उनका हक नहीं मिलता और उनके साथ हो रहा अन्याय बंद नहीं होता, कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। आज का यह चक्का जाम सरकार के लिए एक चेतावनी है। दोपहर एक बजे से शुरू हुए इस जाम के कारण नेशनल हाईवे पर यातायात पूरी तरह ठप्प हो गया। टोल प्लाजा के पास भारी पुलिस बल तैनात रहा, राहगीरों को घंटों तक जाम में फंसे रहना पड़ा।

## बिना अनुमति सड़क किनारे खुदाई, सुरक्षा इंतजाम नहीं, हादसे का अंदेशा

**कसरावद, निप्र।** कसरावद-नावडाटौडी सड़क मार्ग पर जल आवर्धन योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क किनारे साइड शोल्डर की पटरी खुदाई बिना सुरक्षा इंतजामों के किए जाने से राहगीरों की चिंता बढ़ गई है।

लोगों की शिकायत पर लोक निर्माण विभाग ने कार्रवाई करते हुए कार्य रुकवा दिया, लेकिन खोदी गई पटरी अब भी दुर्घटना का कारण बन सकती है। नावडाटौड़ी से कसरावद नर्मदा मार्ग पर जल आवर्धन योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। आरोप है कि संबंधित एजेंसी ने लोनिवि विभाग से अनुमति लिए बिना सड़क किनारे साइड शोल्डर की खुदाई शुरू कर दी। मौके पर न तो बैरिकेड्स लगाए गए और न ही किसी प्रकार के सांकेतिक चिन्ह या रेडियम रिबन लगाए गए, जिससे रात के समय वाहन चालकों के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है।



**श्रद्धालुओं और राहगीरों की बढ़ी चिंता:-** सामाजिक कार्यकर्ता अजय मंडलोई ने बताया कि यह मार्ग नर्मदा तट पहुंच मार्ग होने से यहां श्रद्धालुओं और वाहनों की लगातार आवाजाही रहती है। ऐसे में बिना सुरक्षा इंतजाम के की गई खुदाई कभी भी गंभीर हादसे का कारण बन सकती है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग द्वारा लापरवाहीपूर्वक कार्य किया जा रहा है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। राहगीर बली केवट ने बताया कि मुख्य सड़क की मरम्मत काफी समय बाद हुई है, लेकिन बारिश में साइड शोल्डर की खुदाई से सड़क का बेसमेंट कमजोर होने का खतरा बढ़ जाएगा । बारिश के दौरान सड़क धंसने की आशंका है। वहीं राहगीर सुनील सोलंकी ने कहा कि बिना सुरक्षा इंतजाम के खुदाई से लोगों की जान जोखिम में डाल रहे है।

**जल आवर्धन योजना में तेजी के दबाव में काम:-** नगर के पहाड़ी क्षेत्र में जल आवर्धन योजना के तहत गांवों में पेयजल आपूर्ति के लिए पानी की टंकी और फिल्टर प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। हाल ही में जिले की समीक्षा बैठक में योजना का कार्य पिछड़ने पर कलेक्टर भव्या मित्तल ने नाराजगी जताते हुए संबंधित विभाग को फटकार लगाई थी और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद एजेंसी द्वारा जल्दबाजी में काम किए जाने की चर्चा है।

**अनुमति नहीं लेने पर रुकवाया काम:-** जल आवर्धन योजना के तहत नावडाटौडी से कसरावद तक पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन विभाग से अनुमति नहीं ली गई थी। साथ ही बिना सुरक्षा इंतजाम के साइड शोल्डर की खुदाई की जा रही थी, इसलिए कार्य रुकवा दिया गया है। सुनील जमरे लोनिवि विभाग के सब इंजीनियर कसरावद।

## 3 डिग्री गिरा पारा, गर्म हवाओं का कहर अब भी जारी



**खरगोन, निप्र।** जिले में एक बार फिर मौसम रंग बदल रहा है। बीते दो दिनों से दिन में धूप-छांव का खेल जारी होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि गर्म हवाओं का कहर अब भी जारी है। घर के बाहर सहित घर के अंदर भी गर्म हवाएं लोगों को हलाकान कर रही है। मौसम के इस परिवर्तन से पिछले दो दिन में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। चार दिन पहले जो तापमान 43 डिसे था, वह अब 40 डिसे पर आ गया है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 40.8 और न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री दर्ज किया गया। तापमान में मामूली कमी के बाद भी तेज धूप और गर्मी बरकरार है।

## नहीं थम रहे पिकअप हादसे



**खरगोन, निप्र।** जिले के सिरवेल क्षेत्र में बीती रात बारातियों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 2 बालिकाओं की मौत हो गई, जबकि डेढ़ दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। इनमें महिला-पुरुष समेत 18 लोग शामिल है। पिकअप में सवार सभी लोग बारात में शामिल होकर लौट रहे थे। हादसे में मौत से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। गुरुवार को पीएम पश्चात मृतकों का शव उनके परिजन को सौंपा गया।

जिले में लगातार हो रहे सड़क हादसों ने परिवहन व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ओवरलोडिंग और तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई नहीं होने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बेखौफ होकर लोडिंग वाहनों में सवारियां ढोही जा रही है। मिली जानकारी अनुसार ग्राम पिपल्याबावड़ी और राजोड़ा से ग्रामीण पिकअप में सवार होकर महाराष्ट्र बारात लेकर गए थे। देररात लौटते समय वाहन बिस्टान थानाक्षेत्र के ग्राम पांच बैड़ी और गलतार के बीच अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन पलटते ही चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण एकत्रित हुए। घायलों की मदद की। 112 पर सूचना दी गई। मौके पर चार एबुलेंस पहुंची, जिनसे घायलों को अस्पताल लाया गया। अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी अनुसार हादसे में सुनीता पिता गोरेलाल (12) निवासी रोजड़ा और पूजा पिता रतन (15) पिपलिया बावड़ी निवासी की मौत हो गई। डॉ. रेहान खान ने बताया कि घायलों में 5 की हालत गंभीर है, जिनका आईसीयू में उपचार किया जा रहा है। जबकि अन्य घायलों का ट्रामा सेंटर में उपचार जारी है।

**यह हुए घायल:-** हादसे में चंपाबाई रुस्तम (29), युवराज रतन (12), रुस्तम सखाराम (24), पुजा रतन (10), रितेश रुस्तम (10), जीनु बीरु (5), दीपक मालू (5), वीरु हरदास (26), रदान गुलसिंह (60), सीरु मुटनीया (25), सुनीता गोरेलाल (16), रानू रेमा (16, तेरसिंग रेमा (30), रवीना भाया (8), सुनीता वीरु (23), केसरी बाई सखाराम (48), प्रमीला तेरसिंग (4)घायल हुए है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय से पिकअप वाहनों में सवारियां ढोने के चलते कई हादसे हो चुके है। हाल ही में महेश्वर जनपद के चोली में भी एक पिकअप वाहन से सड़क पर नाच रहे बारातियों को रौंद दिया था। लोगों का कहना है कि आरटीओ एवं यातायात पुलिस विभाग की लापरवाही और ढीली निगरानी के कारण वाहन चालक बेखौफ होकर नियमों की अनदेखी कर रहे हैं, जिसका खामियाजा लोग भुगत रहे हैं।

## स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए अस्पतालों में दंत चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग

**सनावद, निप्र।** प्रदेश के ग्रामीण एवं सुदूरवर्ती आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता और सुदृढ़ीकरण हेतु बीडीएस डिग्रीधारी दंत चिकित्सकों को संविदा चिकित्सा अधिकारी के पद पर नियुक्त करने की मांग विधायक सचिन बिरला ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से की है। इस संबंध में विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित किया है ।पत्र में कहा गया है कि वर्षों से ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में चिकित्सकों की कमी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है ।इस कारण आमजन को समय पर समुचित उपचार नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्र के रोगियों को छोटी और सामान्य बीमारियों के लिए भी चिकित्सा के लिए बड़े शहरों में आना पड़ता है। पत्र में मांग की गई है कि ग्रामों और सुदूरवर्ती आदिवासी इलाकों में चिकित्सकों की कमी की समस्या के त्वरित एवं स्थायी समाधान के लिए बीडीएस डिग्रीधारी युवा चिकित्सकों को संविदा के आधार पर चिकित्सा अधिकारी के पद पर सेवा देने का अवसर प्रदान किया जाए। उल्लेखनीय है कि बीडीएस दंत चिकित्सक पाठ्यक्रम के दौरान शरीर विज्ञान के बुनियादी विषयों का गहन अध्ययन करते हैं और सामान्य रोगों के उपचार में सक्षम एवं प्रशिक्षित होते हैं ।इस आधार पर दंत चिकित्सक सामान्य और मौसमी बीमारियों का प्रभावी उपचार कर सकते हैं। इसके अलावा दुर्घटना एवं महामारी जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षक प्राथमिक चिकित्सा भी कर सकते हैं। दंत चिकित्सकों की नियुक्ति से ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाएं सर्वसुलभ होंगी। पत्र में कहा गया है कि प्रदेश के अस्पतालों में बीएचएमएस एवं बीएचएमएस चिकित्सकों को चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्य करने का पात्रता प्रदान की गई है। उसी तर्ज पर बीडीएस स्नातकों को भी सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा का अवसर प्रदान किया जाना चाहिए।

## खाद्य सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त



**खरगोनस, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), खरगोन के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा शहर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान बस स्टैंड क्षेत्र स्थित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए।

कार्रवाई में नटराज टी कार्नर एवं ओम शिवाय होटल से सोयाबिन तेल, ओम शिवाय भोजनालय से वनस्पति, मानसी रेस्टॉरेंट से वनस्पति एवं पेडा, गुप्ता कचोरी होटल एवं शिव संगम होटल से सोयाबिन तेल तथा नटराज कैफे हाउस से मिल्क केक के नमूने लिए गए। संग्रहित सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री एच.एल. अवास्या एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री आर.आर. सोंलकी उपस्थित रहे।

## भागवत कथा सही राह बताने के लिए सर्वश्रेष्ठ माध्यम : पं. अत्रे



**खरगोन, निप्र।** जिले के ग्राम खेड़ी अघावन की पाटीदार धर्मशाला में चल रही 7 दिवसीय भागवत कथा में गुरुवार को भगवान श्रीकृष्ण की 16 कलाओं का मनोहारी वर्णन किया गया। कथावाचक पंडित मनोज अत्रे ने हिंदू धर्मग्रंथों में ईश्वर के अंश या कला को प्राणियों के जन्म अनुसार उदाहरण से समझाया।

पंडित अत्रे ने कहा कि जब भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ तब सम्पूर्ण जीव सो रहे थे, परन्तु तीन चंद्रमा, देवकी और वासुदेव जाग रहे थे। यह भगवान की कथा भी लोक जागरण के लिए है। भगवान ने गोकुल में इसलिए जन्म लिया कि वहां के हर घर मे गाय की सेवा होती थी। गाय की सेवा के पुण्य से वह भूमि पुण्यभूमि हो गई थी। उन्होंने भगवान के दर्शन करने का तरीका बताते हुए गौपालन का आव्हान किया। कथा श्रोताओं के रूप में उपस्थित रमेशचन्द्र पाटीदार, लछीराम इंगले एवं शिवराम पाटीदार ने बताया कि कथा के सयोजक शिक्षक राधेश्याम पाटीदार है। मनुष्य को विशेष चेतना वाला माना गया है, इसलिए उसमें ईश्वर को समझने की क्षमता अधिक मानी जाती है। 8 से 16 कलाओं वाले महामानव होते है। भगवान राम चौदह कला के अवतार हुए तो भगवान श्रीकृष्ण 16 कलाओ वाला पूर्ण अवतार है।

**एक नजर में** — 7,188 जल संरचना कार्यों से 617 .105 करोड़ लीटर वर्षा जल संग्रहण संभावित

## जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 में खरगोन जिले का उत्कृष्ट कार्य, पूरे मध्य प्रदेश में नंबर-1

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत खरगोन जिले ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विभागीय डैशबोर्ड के अनुसार जिले ने 7.17 स्कोर अर्जित कर जल संरक्षण के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। यह सफलता प्रशासनिक नेतृत्व, प्रभावी मॉनिटरिंग एवं जनसहभागिता का प्रतिफल है।

कलेक्टर भव्या मित्तल द्वारा अभियान की सतत समीक्षा एवं दिशा-निर्देशन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत मिलिंद कुमार नागदेवे द्वारा फील्ड भ्रमण, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एवं ग्रामीण अमले से निरंतर संवाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिससे कार्यों में तेजी एवं गुणवत्ता सुनिश्चित हुई। अभियान के अंतर्गत जिले में अमृत सरोवर निर्माण के कुल 28 कार्य प्रारंभ किए गए, जिनमें से 22 कार्य पूर्ण हो चुके हैं एवं 6 कार्य प्रगतिरत हैं। ये अमृत सरोवर वर्षा जल संग्रहण के साथ-साथ भू-जल पुनर्भरण एवं सिंचाई सुविधा को सुदृढ करेंगे। कूप रिचार्ज कार्यों के अंतर्गत जिले में 3,865 कार्य प्रारंभ किए गए, जिनमें से 3,652 कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा 213 कार्य प्रगतिरत हैं। इन कार्यों से भू-जल स्तर में सुधार होगा और पेयजल संकट से राहत मिलेगी। खेत तालाब निर्माण



के अंतर्गत 1,850 कार्य प्रारंभ किए गए, जिनमें 1,385 कार्य पूर्ण एवं 465 कार्य प्रगतिरत हैं। खेत तालाबों से किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी, जिससे कृषि उत्पादन एवं आय में वृद्धि होगी। सिंचाई अवसंरचना के क्षेत्र में 12 कार्य प्रारंभ किए गए, जिनमें सभी 12 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। इससे खेतों तक जल की पहुंच सुनिश्चित हुई है। जल संरचनाओं की मरम्मत एवं रखरखाव अंतर्गत 48 कार्य प्रारंभ किए गए, जिनमें से 46 कार्य पूर्ण एवं 2 कार्य प्रगतिरत हैं, जिससे पूर्व निर्मित जल संरचनाओं की कार्यक्षमता में सुधार हुआ है। जल संरक्षण एवं पुनर्भरण से संबंधित 1,307 कार्य प्रारंभ किए गए, जिनमें 943 कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा 364 कार्य प्रगतिरत हैं। ये कार्य जल संचयन एवं भू-जल संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जलग्रहण क्षेत्र से संबंधित कार्यों के अंतर्गत 78 कार्य प्रारंभ किए गए, जिनमें 57 कार्य पूर्ण एवं 21 कार्य प्रगतिरत हैं। इन कार्यों से जल बहाव नियंत्रण एवं मृदा संरक्षण को बल मिला है। इन सभी कार्यों के माध्यम से जिले में कुल 7,188 जल संरचना कार्यों से लगभग 617.105 करोड लीटर वर्षा जल संग्रहण की संभावना है। मनरेगा योजना के माध्यम से निर्मित ये संरचनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, सिंचाई, जल निस्तार एवं भू-जल स्तर सुधार में अहम भूमिका निभा रही हैं। प्रशासनिक स्तर पर निरंतर समीक्षा, मैदानी अमले की सक्रियता एवं जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणजनों की सहभागिता से यह अभियान एक जन आंदोलन का स्वरूप ले चुका है। जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन से जिले में हरियाली बढेगी, पर्यावरण सुधरेगा तथा तापमान में कमी और जलवायु संतुलन का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा।